हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 22 फरवरी 2026

06 समाज के प्रति दायित्व बोध शिविर का उद्देश्य



09 अल्ताफ अपहरण व मारपीट प्रकरण, परिजनों ने ...






### खबर संक्षेप

#### 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव संदिग्ध हालत में मिला

**नर्मदापुरम।** रसूलिया स्थित कंचन नगर क्षेत्र में 60 वर्षीय कैलाश यादव का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उनके घर के कमरे मिला है। जानकारी के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार, कैलाश यादव शुक्रवार रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए थे। शनिवार सुबह जब वह देर तक कमरे से बाहर नहीं आए, तो परिवार के सदस्यों को चिंता हुई। खिड़की से झांककर देखने पर वह कमरे के अंदर अचेत अवस्था में दिखाई दिए। इसके बाद परिजनों ने तुरंत देहात थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने प्रारंभिक जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

#### बिजली सप्लाई सुबह 9 से 1 बजे तक रहेगी बाधित

**नर्मदापुरम।** अति रखरखाव के कारण रविवार को रसूलिया 220/132/ 33 केव्ही का मैंटेनेंस कार्य किया जाएगा। जिसके कारण नर्मदापुरम शहर सहित डोलरिया वितरण केन्द्र की भी बिजली सप्लाई सुबह 9 से 1 बजे बाधित रहेगी। 33 केव्ही के 5 फीडर नर्मदापुरम, मिल्कडेरी, आनंद नगर, टुगारिया, डोलरिया, सांगाखेड़ा, टिगरिया और बुधनी पर एकसाथ काम होगा। जिसके कारण इन फीडरों के अंतर्गत आने वाले इन क्षेत्रों की सप्लाई बंद रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर समय को बढ़ाया, घटाया जा सकता है।

### पश्चिमी विक्षोभ प्रभाव: तेज हवा से गेहूं-चना पर मंडराया खराब होने का खतरा

# बदला मौसम का मिजाज: हल्की बारिश ने दी गर्मी से राहत, खेत में फसल पसरी

पश्चिमी-विक्षोभ के असर से जिले में मौसम ने अचानक करवट ले ली। शनिवार को कई इलाकों में हल्की बारिश और ठंडी हवाओं से दिन के तापमान में गिरावट आई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि यह बदलाव अस्थायी बताया जा रहा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में पश्चिमी-विक्षोभ के प्रभाव से मौसम ने अचानक करवट ली। पिछले तीन दिनों से आसमान में छाए बादलों ने शनिवार को कई क्षेत्रों में हल्की बारिश कराई। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने दिन के तापमान में गिरावट ला दी, जिससे लोगों को बढ़ती गर्मी से राहत मिली। हालांकि रात के तापमान में खास कमी नहीं आई, लेकिन दिन का मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना रहा।मौसम विभाग के वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव के अनुसार यह बदलाव अस्थायी है और रविवार से मौसम पुनः साफ होने की संभावना है।

#### फसलों पर दिखा मौसम परिवर्तन का असर

मौसम में आए इस बदलाव का असर कृषि क्षेत्र पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। किसानों के अनुसार बादलों के साथ चल रही तेज हवाओं से गेहूं की फसल प्रभावित हो रही है। हवा के कारण गेहूं के दाने झड़कर गिर रहे हैं, जिससे उत्पादन घटने की आशंका बढ़ गई है। किसान राकेश गौर ने बताया कि
चने की फसल में भी नुकसान की संभावना जताई जा रही है। तेज हवा और नमी के कारण चने के फूल खराब हो रहे हैं। किसान राकेश गौर का कहना है कि ऐसे मौसम में इल्ली का प्रकोप बढ़ सकता है और फंगस लगने का खतरा भी बना रहता है।

**मॉनिटरिंग करें**

- अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम तापमान 17.7 डिग्री सेल्यिसस

है, जिससे व्यापक नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन यदि इसी तरह बादल और नमी बनी रही तो फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। मौसम के इस बदले मिजाज ने जहां आमजन को गर्मी से राहत दी है, वहीं किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस बार जिले में 2 लाख 60 हजार हेक्टेयर में गेहूं और 58 हजार हेक्टेयर में चने की फसल लगाई गई हैं।

#### हरदा के किसानों को तकनीकी कृषि प्रशिक्षण दिया गया



पवारखेडा में 21 फरवरी जोनल कृषि अनुसंधान केन्द्र, पवारखेडा में हरदा जिले के टिमरनी विकासखंड के किसानों को कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया। किसानों को रबी सीजन की गेंहू और चना की फसलों में खाद छिड़काव और सिंचाई तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि खाद केवल बताई मात्रा में छिड़काव करें और सिंचाई क्रिटिकल स्टेज में ही करें। सही तकनीक अपनाने से फसलों को कीट और रोग से बचाव होता है और उत्पादन में सुधार आता है। प्रशिक्षण में किसानों की समस्याओं का भी समाधान किया गया। सुधार कार्यक्रम के तहत रबी सीजन में गेहूं, चना की फसलों में खाद छिड़काव के विशेष तरीके और सिचांई तकनीकी अपनाकर कीट के संक्रमण से कैसे बचाव किया जाता है, यह बताया गया।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची में बड़ा इजाफा, जिले में 13,127 नए वोटर जुड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर के बाद जारी हुई अंतिम मतदाता सूची में जिले की चारों विधानसभाओं में महिला और पुरूषों की संख्या में इजाफा हुआ है। जिले में 23 दिसंबर 2025 से 21 फरवरी 2026 तक फार्म-6 अंतर्गत नाम जोड़े व फार्म-7 अंतर्गत नाम विलोपन और फार्म-8 अंतर्गत संशोधन के बाद आए दावे-आपत्तियां प्राप्त हुई थी। सभी का निराकरण करने के बाद जिले में कुल पुरूष मतदाता 6095 और महिला मतदाताओं की संख्या 7032 बढ़ी हैं। वहीं कुल मतदाताओं की संख्या में 13127 मतदाताओं का इजाफा हुआ है। वहीं जेण्डर रेशों में 2.82 तथा ईपी रेशों में 0.92 की बढ़ोतरी हुई हैं।

विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 के संबंध जारी संशोधित कार्यक्रम अनुसार 21 फरवरी 2026 को जिला नर्मदापुरम अंतर्गत चारों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136-सिवनीमालवा, 137-होशंगाबाद, 138-सोहागपुर एवं 139-पिपरिया की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन जिला कार्यालय एवं जिले की समस्त विधानसभाओं के कार्यालय एवं विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर किया गया। यह अंतिम निर्वाचक नामावली जिले की विधानसभाओं में प्रत्येक मतदान केन्द्रों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों में तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

जिले में 23 दिसंबर 2025 को निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन किया गया था, जिसमें जिले में 477709 पुरुष मतदाता, 444091 महिला मतदाता, 30 अन्य इस प्रकार कुल 921830 मतदाता दर्ज थे तथा जिले का जेण्डर रेशों 929.63 तथा ईपी रेशों 64.51 था एवं जिले में वरिष्ठ मतदाता 85 वर्ष से अधिक की संख्या 4678, दिव्यांग मतदाता की संख्या 8813 तथा 18-19 आयु वर्ग में 9760 मतदाता दर्ज थें।

जिले में 23 दिसंबर 2025 से 21 फरवरी 2026 तक फार्म-6 अंतर्गत नाम जोड़े जाने हेतु 13603, फार्म-7 अंतर्गत नाम विलोपन हेतु 1407 एवं फार्म-8 अंतर्गत संशोधन हेतु 10233 दावे-आपत्तियां प्राप्त हुई, जिनके निराकरण उपरांत जिले में अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में 483804 पुरुष मतदाता, 451123 महिला मतदाता एवं 30 अन्य इस प्रकार कुल 934957 मतदाता दर्ज है, जिले का जेण्डर रेशों 932.45 तथा ईपी रेशों 65.43 हैं। जिले में वरिष्ठ मतदाता 85 की संख्या 4660, दिव्यांग मतदाता की संख्या 8902 तथा 18-19 आयु वर्ग में 16684 मतदाता दर्ज हैं। 23 फरवरी को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी।

## कांग्रेस 24 को करेगी विधानसभा घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भोपाल में 24 फरवरी को मध्य प्रदेश विधानसभा का घेराव किया जाएगा। यह प्रदर्शन प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध, किसानों के हितों की सुरक्षा और तीन मंत्रियों के इस्तीफे की मांग को लेकर आयोजित होगा। आंदोलन का नेतृत्व मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और जीतू पटवारी करेंगे। कांग्रेस का कहना है कि कृषि आयात शुल्क में संभावित कमी से सोयाबीन, मक्का और कपास उत्पादक किसानों को नुकसान हो सकता है।

इसके साथ ही मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री विजय शाह और डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला के इस्तीफे की मांग भी की गई है। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने दी। जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने बताया कि यह आंदोलन प्रस्तावित हैं। प्रदेश कांग्रेस का मत है कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते में कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क में संभावित कमी से आर्थिक नुकसान होगा। विधानसभा घेराव के माध्यम से कांग्रेस निम्नलिखित मांगे रखेगी।भारत अमेरिका ट्रेड डील के संबंध में विस्तृत श्वेत पत्र जारी किया जाए। मध्यप्रदेश के किसानों के हितों की संवैधानिक और नीतिगत सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। संबंधित मंत्रियों से नैतिक आधार पर तत्काल इस्तीफा लिया जाए। किसानों के लिए मूल्य सुरक्षा एवं आय संरक्षण की ठोस व्यवस्था लागू की जाए। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मोहन जलिया का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।



## ऑटोमोबाइल सेक्टर की मजबूती बढ़ाने के लिए चर्चा में जुटे दिग्गज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

देश के ऑटोमोटिव रिटेल सेक्टर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और डीलर बिरादरी की समस्याओं के समाधान के लिए फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने मध्य प्रदेश के बैतूल और नर्मदापुरम में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक का आयोजन किया। शनिवार को आयोजित इस बैठक में क्षेत्र के कार, टू-व्हीलर, ट्रैक्टर और इलेक्ट्रीकल वाहन डीलर्स ने हिस्सा लेकर संगठन की शक्ति को मजबूत करने का संकल्प लिया।

बैठक के दौरान संगठन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि 1964 में स्थापित आज भारत की सबसे बड़ी ऑटोमोटिव रिटेल संस्था बन चुकी है। यह न केवल 15,000 डीलर्स और 26,500 आउटलेट्स का प्रतिनिधित्व करती है, बल्कि 50 लाख लोगों को उनके गृह नगर में ही रोजगार उपलब्ध कराकर देश की अर्थव्यवस्था में अमूल्य योगदान दे रही है। यह बाते चेयरपर्सन आशीष पांडे ने की। उन्होंने डीलर्स को संबोधित करते हुए कहा कि एक मजबूत संगठन ही बेहतर भविष्य की गारंटी है।

## जिले में रेत के अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, सप्ताह में कई वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में रेत चोरी के मामलों में इजाफा हुआ है। बीते एक सप्ताह से लगातार कलेक्टर के निर्देशन में संयुक्त अमले द्वारा कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई जिले के सभी अनुभागों में जारी है। इसी कार्रवाई में जिले में रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार समस्त अनुविभागीय अधिकारियों, खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा व्यापक अभियान चलाकर कर कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत सप्ताह में अवैध खनन एवं खनिज का ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने पर कई वाहनों को जब्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा समस्त अनुभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिले में अवैध उत्खनन के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



अनुविभागीय अधिकारी विजय राय के नेतृत्व में सिवनी मालवा क्षेत्र में राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। ग्राम बाबरी से अवैध रेत का ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने पर चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर पुलिस थाना शिवपुर एवं पुलिस थाना सिवनी मालवा में अभिरक्षार्थ खड़ा कराया गया।

इसी क्रम में रात्रि कार्रवाई के दौरान 5 वाहन 1 ट्रक एवं 4 डंपर को रेत एवं अन्य खनिज का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जब्त कर थाना प्रभारी सिवनी मालवा के सुपुर्द किया गया। साथ ही गिट्टी के अवैध परिवहन के मामलों में भी संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। नर्मदापुरम क्षेत्र में जासलपुर रोड सहित अन्य स्थानों पर खनिज एवं राजस्व टीम द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। साथ ही माइनिंग, राजस्व सहित आरटीओ टीम द्वारा रायपुर रेत खदान नर्मदापुरम पर अवैध रेत परिवहन-ओवरलोडिंग के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे भी उपस्थित रहे।

तहसील बनखेड़ी में अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई। तहसील पिपरिया में भी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रेत के अवैध परिवहन करते हुए जब्त किया गया। सोहागपुर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री प्रियंका भलावी के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 3 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर थाना परिसर सोहागपुर में अभिरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध उत्खनन एवं खनिज के अवैध परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## होली-रंगपंचमी पर हुड़दंग मचाया, तो पड़ेगा भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कोतवाली थाने में शनिवार को शांति समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी त्यौहारों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रो से उठने वाले शोर पर विशेष चर्चा हुई। इस दौरान होली, रंगपंचमी पर होने वाले हुडदंग को धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरूद्ध उपयोग पर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए गए। बैठक दौरान बताया कि शासन के संज्ञान में आया है कि विभिन्न धर्म स्थलों में निर्धारित डेसिबल का उल्लंघन करते हुए लाउडस्पीकर का उपयोग किया जा रहा है। जिसके शोर से मनुष्य के काम करने की क्षमता, आराम, नींद और संवाद में व्यवधान पड़ता है। ध्वनि प्रदूषण के मामलों की जांच हेतु उडनदस्तों का गठन किया गया है। बैठक के दौरान एसडीओपी जितेंद्र पाठक, टीआई कोतवाली कंचन ठाकुर, टीआई देहात सौरभ पांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पांच प्रकरणों में जप्त की 12 हजार की शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर पुलिस ने 20 फरवरी 2026 को पांच अलग-अलग प्रकरणों में लगभग 12000 की अवैध शराब पकड़ी है। मामलों में आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किये गए हैं। सोहागपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार 39 वर्षीय पुरुषोत्तम पटेल पुत्र रामगोपाल निवासी बांसखापा से मढ़ई रोड के समीप से रात आठ बजे देसी मदिरा प्लेन व मसाला तथा अंग्रेजी शराब के 2640 रुपये कीमत के कुल 21 क्वार्टर जप्त किए हैं। वहीं शाम 6:35 बजे ग्राम किशनपुर निवासी ओम प्रकाश पटेल पुत्र मलखान से नए बस स्टैंड के समीप से देसी मदिरा प्लेन के 15 क्वार्टर कीमती 1200 जप्त किए गए हैं।


ग्राम टूराखापा से राधाबाई पत्नी डोलचा पिम्पड़े से 500 कीमत की पांच लीटर हाथभट्टी की महुआ शराब जप्त की गई है। बांसखापा निवासी भगवान दास पुत्र मालक जी से शाम लगभग सात बजे देसी मसाला व अंग्रेजी शराबों के 4920 रुपये कीमत के 27 क्वार्टर जप्त किए गए हैं। वहीं 20 फरवरी की शाम लगभग सात बजे अमित चौरसिया पुत्र रमेश चौरसिया जवाहर वार्ड सोहागपुर से देसी मदिरा प्लेन व मसाला सहित अंग्रेजी शराब के 3240 रुपये कीमत के 24 क्वार्टर जप्त किए गए हैं। पुलिस ने पांचों मामलों में कुल 12320 रुपये की शराब जप्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत प्रकरण बनाए हैं। बताया जाता है कि पुलिस ने ग्राम लांघा बम्होरी के समीप मढ़ई मार्ग स्थित एक ढाबे के सामने से बड़ी मात्रा में शराब जप्त की थी। लेकिन राजनीतिक दलों के दो नेताओं की सक्रियता के चलते कम मात्रा में जप्ती बनाई गई है।

### बीत गया बाल श्रम रोकथाम के लिए आयोजित जागरुकता अभियान, बाल श्रमिक अभी भी कार्यरत

# बारात, होटल, रेस्टोरेंट-ढाबों व गैरेज पर काम कर रहे बाल श्रमिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भारत में बाल श्रम पर रोक के सख्त कानून बनाए गए हैं। लेकिन मैदान पर कानूनी सख्ती ढीली नजर आती है। हमारे नर्मदापुरम जिला क्षेत्र में ही बालक बालिकाओं को श्रमिक के रूप में कार्यरत देखा जा सकता है। हरिभूमि ने मामले में नर्मदापुरम जिला क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह में नजर रखी। तो पाया कि इन दिनों वैवाहिक कार्यों में सर्वाधिक बाल श्रमिक संलग्न हैं। बारातों में छोटे-छोटे बच्चों को बैंड बाजे के साथ कार्य करते अथवा बारात में दूल्हे के आसपास रोशनी करती लाइट्स के छाते थामे चलते देखा जा सकता है। जिले का ऐसा कोई भी बड़ा या मध्यम शहर या कस्बा नहीं छूटा जहां बारातों में बाल या किशोर श्रमिक ना हों। रेस्टोरेंट, ढाबे, गैरेज, होटल पर 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को श्रमिक के रूप में कार्य करते देखा जा सकता है। लेकिन कार्रवाई के नाम पर प्रशासन की ओर से मात्र जागरूकता सप्ताह संचालित किया जाता है।



#### काम के बदले में 100 से 150 रुपए तक मिल जाते हैं बाबूजी

शुक्रवार रात एक बारात में बिजली का छाता थामे बालक व बालिका से हरिभूमि संवाददाता ने चर्चा की। बालिका से जब पूछा गया कि एक बारात में कितने पैसे मिल जाते हैं। बालिका ने बड़े भोलेपन से कहा बाबूजी 100 से 150 रुपये तक मिल जाते हैं। पैसे कौन देता है के सवाल पर बच्चों ने बताया कि मुकद्दम देता है। घर कब लौटते हो पूछने पर बच्चों ने कहा कि कभी कभी आधी रात हो जाती है। हरिभूमि संवाददाता तथा बच्चों के संवाद से स्पष्ट है कि प्रायः बच्चे देर रात घर लौटते हैं। इस संबंध में श्रम विभाग निरीक्षक, सोहागपुर ज्योति अय्यर कहना है कि श्रम विभाग ने गत दिनों जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जागरूकता अभियान चलाया है। जिसमें बाल श्रम पर रोक के लिए जनता को जागरूक किया है।

#### किया जागरुकता कार्यक्रम

गत दिनों बाल श्रम नियंत्रण अधिनियम की जानकारी को लेकर श्रम विभाग द्वारा जिला प्रशासन के आदेश पर जिले में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम हो गया है और अभी भी बाल श्रमिक जिले में बहुत न्यूनतम मानदेय पर कार्यरत हैं। जानकारी अनुसार जिला प्रशासन के आदेश पर शिक्षा विभाग, पुलिस तथा श्रम विभाग द्वारा संयुक्त जागरूकता अभियान चलाया गया, लेकिन बाल श्रम अभी भी जारी है।

**क्या कहते हैं नियम?**

14 वर्ष तक के बालकों व बालिकाओं का किसी भी प्रकार के कार्य में नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है। साथ ही 14 से 18 वर्ष तक के किशोरों को खतरनाक श्रेणी के कार्यों जैसे भोजन पकाना, ज्वलनशील पदार्थों, विस्फोटकों एवं अन्य परि संकटमय प्रक्रियाओं में नियोजन करना कानूनन अपराध है। जानकारी अनुसार किशोरों के किसी भी संस्थान में नियोजन व किशोर श्रमिकों का खतरनाक उद्योगों में नियोजन संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। उल्लंघन पाए जाने पर दोषी नियोजक को न्यूनतम छह माह से अधिकतम दो वर्ष तक का कारावास अथवा न्यूनतम 20 हजार रुपये से अधिकतम 50 हजार रुपये तक का जुर्माना हैं।

**मजबूरी में मजदूरी**

मामले में अनौपचारिक चर्चा में एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी स्तर के अधिकारी मानते हैं कि बाल श्रम गलत है। लेकिन लगभग 80 फ़ीसदी बच्चे परिवार के भरण पोषण के लिए मजदूरी करते हैं। मजबूरी में की जाने वाली यह मजदूरी कई बार आधिकारिक तौर पर कार्रवाई से अनदेखी का कारण बनती है। मानवीयता के आधार पर प्रशासन भी कार्रवाई नहीं कर पाता है। लेकिन शासन के द्वारा ही कई वैकल्पिक व्यवस्थाएं बच्चों के उद्धार एवं पुनर्वास के लिए होती हैं। जिनके माध्यम से मजबूरी में मजदूरी

## ध्वनि विस्तारण यंत्र मानक तय से ज्यादा बजा तो होगी जप्ती!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




शहर में धार्मिक स्थलों सहित अन्य जगहों पर लाउडस्पीकर और अनियंत्रित ध्वनि विस्तारक यंत्रों का नियम पूर्वक उपयोग करने सहित तीज त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक में चर्चा की गई। शनिवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन सदस्यों से चर्चा हुई। बैठक में आगामी त्यौहारों होली, ईद सहित ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग और नियमों को लेकर बैठक में समझाईश गई। इस दौरान एसडीओपी जितेंद्र पाठक,डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर, नगर पालिका सीएमओ हेमेश्वरी पटले, टी आई सौरव पांडे टी आई कंचन ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। थाना प्रभारी सहित जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे । बैठक में बताया गया कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का नियम पूर्वक संचालन किया जाए। डीजे, धार्मिक स्थलों सहित अन्य जगह लाउडस्पीकर को नियंत्रित किया जाए। शोर से लोगों को खलल पहुंचता है। इसके साथ ही कार्रवाई करने को लेकर उड़नदस्ते का गठन भी किया गया है जो शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई करेगा । इसके साथ ही होली सहित अन्य त्योहार शांतिपूर्वक मनाने सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई।

### अब मानसिक रोगियों की विशेष जेल (आरोग्य केंद्र) में होगा इलाज

# ट्रिपल मर्डर केस : आरोपी को बेहोश करके 11 पुलिसकर्मी ले गए ग्वालियर






संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

जिले के सावंगा गांव में अपने माता-पिता और भाई की हत्या करने वाला आरोपी दीपक धुर्वे का इलाज अब ग्वालियर के मानसिक रोगियों की विशेष जेल (मानसिक रोग आरोग्य केंद्र) में होगा। 11 पुलिसकर्मियों की टीम शनिवार को उसे लेकर रवाना हुई। जहां मानसिक रोगी कैदियों के उपचार और निगरानी की व्यवस्था है। आरोपी का स्वभाव अत्यधिक आक्रामक होने के कारण उसे नींद की दवा दी गई थी। अर्ध बेहोशी की हालत में ही उसे ग्वालियर के लिए रवाना किया गया। पुलिस पिछले दो दिनों से उसे ले जाने की प्रक्रिया में जुटी थी। उल्लेखनीय है कि सांवगा गांव के दीपक धुर्वे ने गत 19 फरवरी को पिता राजू उर्फ हंसू धुर्वे (45), मां कमलती (40) और भाई दिलीप (23) की हत्या कर दी थी। इसके बाद वह दरवाजा बंद कर लाशों के पास ही बैठा रहा।

कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तो लाशें पड़ी हुई थी और फर्श और दीवारों पर खून के धब्बे बिखरे हुए थे। वहीं 5 वर्षीय भांजे प्रशांत परते की हालत गंभीर होने पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। दरअसल जब 19 फरवरी की सुबह धुर्वे परिवार का दरवाजा देर तक नहीं खुला, तो पड़ोसी द्वारा कई बार आवाज देने के बाद भी अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। तब गांववालों ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस और फोरेंसिक टीम दरवाजा तोड?र अंदर पहुंची तो देखकर रोंगटे खड़े हो गए। वँहा तीन लाशें पड़ी थीं। सभी पर जोरदार वार किया गया था। एक टूटी लकड़ी और सरिया पडा था। कमरे के एक कोने में दीपक चुपचाप छुप कर बैठा था।

#### पांच साल का भांजा छिपा मिला

इस घटना के दौरान घर में उसका पांच साल का भांजा भी था, जो घर के कोने में छिपा हुआ था। बताया जा रहा है कि भांजे ने भयभीत होकर खुद को एक कपड़े से ढंक लिया था। उसने इस पूरे हत्याकांड को अपनी आंखों से देखा है। दीपक ने घर की एक बिल्ली को भी मार डाला था। बताया जा रहा है कि घर में रात को बनाए गए खाने के बर्तन बिखरे हुए थे, जिससे अनुमान लगाया गया कि वारदात खाने से पहले की गई थी। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जो सीन ऑफ क्राइम पाया, उससे लगता है कि दीपक ने पहले छोटे भाई दिलीप से विवाद या झगड़ा शुरू किया। पिता जब बेटे को बचाने के लिए आगे बढ़े, तो उन्होंने शायद दिलीप के ऊपर खुद को ढाल लिया, क्योंकि दोनों के शव एक-दूसरे से लिपटे हुए मिले। मां कमलती ने जब यह देखा, तो वह बीच में आईं, लेकिन दीपक ने उन पर भी हमला कर दिया होगा।

#### मानसिक रोगी बताया जा रहा आरोपी

दीपक के जीजा सुखचंद धुर्वे बताते है उसे दो साल से मानसिक परेशानी चल रही थी। एक साल से दौरे बहुत बढ़ गए थे। कभी-कभी वह जोर से चिल्लाता था। परिवार ने पहले जाम सांवरी के हनुमान मंदिर में भगत से इलाज कराया। वहां डायरेक्ट अर्जी लगाकर झाड़-फूंक की, फिर परिवार ने नागपुर के डॉक्टर को भी दिखाया। कुछ दिन पहले ही दीपक नागपुर से लौटकर आया था। जीजा बताते हैं जब भी उसे दौरा पड़ता था, शरीर कांपता था, मुंह से अजीब आवाजें निकालता था, फिर एक घंटे में शांत हो जाता था, लेकिन उसके बाद किसी से उल्टा-सीधा नहीं बोलता था। बताया जाता है कि आरोपी दीपक धुर्वे पढ़ाई में भी काफी होशियार था। उसने 12वीं कक्षा में टॉप किया था।

#### *आरोपी इतना आक्रामक कि 11 पुलिसकर्मी उसे लेकर गए ग्वालियर*

*आरोपी को 11 पुलिसकर्मी लेकर ग्वालियर के लिए रवाना हुए। इससे पहले आरोपी को नींद की दवा दी गई। बताया जा रहा है कि सीजेएम कोर्ट ने आरोपी दीपक का जेल वारंट जारी किया था। हालांकि, बैतूल जेल प्रशासन ने मानसिक रोगी कैदियों को रखने की समुचित व्यवस्था न होने की जानकारी दी थी। इसके बाद वारंट को ग्वालियर स्थानांतरित करने की अनुशंसा की गई। मेडिकल रिपोर्ट सहित अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस ने आरोपी को ग्वालियर भेज दिया।*

#### *संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक पहुंचे थे गांव*

*घटना के बाद नर्मदापुरम रेंज के पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला, कमिश्नर केजी तिवारी, कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी और एसपी वीरेंद्र जैन भी गांव पहुंचे। अधिकारियों ने फोरेंसिक टीम से जानकारी लेने के साथ ग्रामीणों से भी बातचीत की थी। वरिष्ठ अधिकारियों ने इस घटना को मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी का गंभीर उदाहरण बताया है। उनका कहना है कि ऐसे मरीजों की समय पर पहचान, उपचार और ग्राम स्तर पर जागरूकता व चिकित्सकीय व्यवस्था बेहद जरूरी है। फिलहाल आरोपी को ग्वालियर जेल स्थित मानसिक आरोग्य केंद्र में चिकित्सकों की निगरानी में रखकर उसकी मानसिक स्थिति की जांच और उपचार की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।*

#### मानसिक रोगी आरोपी ने थाने में भी की मारपीट, स्वीकार की वारदात पर कारण नहीं बताया

कोतवाली टीआई देवकरण डेहरिया ने बताया कि दीपक को हिरासत में लेने के बाद भी वह बेहद एग्रेसिव रहा। पूछताछ में उसने वारदात तो स्वीकार की, लेकिन कारण नहीं बताया। रात को थाने में भी उसने एक बंदी से मारपीट की और पुलिसकर्मियों पर भी हमले का प्रयास किया, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उसे हाथ पैर बांधकर रखा गया और अस्पताल के वार्ड के बाहर चार पुलिसकर्मी तैनात किए गए। टीआई देवकरण ने बताया कि वारदात के समय उपस्थित मासूम भांजे के अनुसार आरोपी अपने छोटे भाई से मारपीट कर रहा था तब दिलीप का पिता बचाने आया। तब उसने उन्हें भी मारा। आरोपी का स्वभाव अत्यधिक आक्रामक होने के कारण उसे नींद की दवा दी गई थी और बेहोशी की हालत में ही ग्वालियर के लिए रवाना किया गया। मनोचिकित्सक डॉ. संजय खातरकर ने बताया, ऐसे मरीजों में शक, भ्रम, डर और आवाजें सुनाई देने जैसे लक्षण होते हैं। कई बार वे हिंसक हो जाते हैं। कई बार वे खुद को नुकसान पहुंचाते हैं। यह पूरी तरह मानसिक बीमारी का असर है।

### डीवाय विश्वविद्यालय नवी मुंबई में आयोजित दीक्षांत समारोह

# डॉ. तृप्ति अग्रवाल को एमएस की उपाधि से सम्मानित होने पर दी हार्दिक बधाईयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



शहर के प्रसिद्व बीआर अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय व श्रीराम फार्मेसी कॉलेज जामठी के संचालक इंजीनियर ध्रुवप्रकाश अग्रवाल की सुपुत्री डॉ. तृप्ति अग्रवाल को एमएस (स्त्री रोग विशेषज्ञ) की उपाधि डी. व्हाय विश्वविद्यालय नवी मुम्बई में आयोजित दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि का श्रेय डॉ. तृप्ति अग्रवाल ने अपने दादाजी शिक्षाविद स्व. डॉ मंगल प्रसाद अग्रवाल को दिया है। डॉ. तृप्ति का कहना है कि उनके कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से ही उन्होंने सफलता प्राप्त की। साथ ही माता-पिता और पुरे परिवार को इस सफलता का श्रेय जाता है। डॉ. तृप्ति अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सक बनकर लोगों की सेवा करना अपने आप में सौभाग्य की बात है, क्योंकि चिकित्सा के जरिये से पीड़ितों की सेवा का अवसर मिलता है। डिग्री एक मजबूत नींव है, जिस पर एक कुशल एवं संवेदनशील चिकित्सक का निर्माण होता है। डॉ. तृप्ति ने बताया कि वर्तमान में वे अपनी सेवाएं नवी मुंबई में दे रही है और कुछ ही समय पश्चात अपनी सेवाएं गृह नगर बैतूल जिलावासियों को देंगी।

## नलजल योजना ठप, परेशान हुए ग्रामवासी




**शाहपुर।** ग्राम पंचायत कुंडी के भूमकाधाना ग्राम में ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। रामदास बारस्कर और रामदास परते ने बताया कि उनके ग्राम भूमकाधाना में लगभग 8 महीनों से नलों में जल नहीं आ रहा है। जिस समय ये नल जल योजना शुरू हुई, बस उस समय पानी केवल 1 महीने प्राप्त हुआ। उसके बाद से उन्हें अभी तक पानी प्राप्त नहीं हुआ। अभी वर्तमान में नल जल योजना ठप पडी है। जिसकी सूचना उन्होंने ग्राम पंचायत कुंडी को कई बार दी। उसके बाद भी ग्राम भूमकाधाना में पानी की सप्लाई विगत कई महीनों से बंद है। लोगों ने बताया कि उनके यहां के हैंडपंप में भी पानी बराबर नहीं आ रहा है। जल की समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान है।

## विद्युत कटौती शेड्यूल

**बैतूल।** बिजली कंपनी द्वारा 22 फरवरी को 11 केव्ही कालापाठा फीडर का मेंटेनेंस के चलते रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 तक लोहिया वार्ड, चुन्नी ढाना, राजेंद्र वार्ड, सिविल लाइन, संजय कॉलोनी, मुर्गी चौक, शिवाजी वार्ड, स्वीपर कॉलोनी, जेएच कॉलेज रोड आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### 24 घंटे में आए 11 प्रकरण सामने

# बैतूल में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध से शिकार के मामले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी के मार्गदर्शन में निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में उनके मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 24 घंटे के अंदर 11 साइबर अपराध के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। साथ ही ई-जीरो एफआईआर प्रणाली के माध्यम से कुल 17 प्रकरण पंजीबद्ध कर संबंधित थाना क्षेत्रों को अग्रेषित कर विधि अनुसार शुरू की गई है।

बताया जा रहा है कि फरियादी के पास रिश्तेदार बन कर फर्जी कॉल आया पैसो की जरुरत होने की बात बता कर 1,38,000 रुपये धोखाधडी पूर्वक ट्रांसफर करवा लिये गये । रेलवे से रिटायर्ड फरियादी के पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आया जिसने स्वयं को डीआरएम ऑफिस से होना बता कर एपीके (पेंशन) फाईल व्हाट्सएप पर भेजी गई जिसे डाउनलोड करते ही फरियादी के खाते से 5,00,000 रुपये की धोखाधड़ी की गई। फरियादी द्वारा इस्टागाम पर पार्ट टाईम जॉब सर्च की गई। उक्त पोस्ट पर दिये गये व्हाटसअप नंबर पर क्लिक करने पर एक ग्रुप मे एड हो गयी जिसमें पोर्टल को रेकिंग देने का टास्क दिया गया फिर फरियादिया से टास्क के नाम 2,25,000 रुपये की धोखाधड़ी की गई। फरियादी के साथ शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 2,66,000 रुपये की धोखाधड़ी की गई। फरियादी द्वारा मीशो शॉपिंग प्लेटफार्म से ऑर्डर किये गये प्रोडक्ट को रिटर्न करने के लिए गूगल से कस्टमर केयर का नंबर सर्च कर कॉल किये फ्रॉडस्टर द्वारा एक एपीके फाइल भेजी गई जिससे फरियादी के खाते से 1,01,990 रुपये की धोखाधड़ी की गई। फरियादी के व्हाट्सअप पर एपीके फाइल के डाउनलोड करते ही खाते से 99,500 रुपये कट गये। परिचित बनकर फरियादी को कॉल किया और धोखाधड़ीपूर्वक 1,79,999 रुपयों की धोखाधड़ी की गई । रेलवे रिटायर्ड कर्मचारी से फ्रॉडस्टर द्वारा नागपुर के अकाउंट ऑफिस से बात करना बता कर फरियादी के खाते मे रुपये डालने का बताया और फरियादी के खाते की जानकारी प्राप्त कर 2,26,999 रुपये की धोखाधड़ी की गई। ऑनलाइन लोन स्वीकृत कराने के लिये प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 1,06,616 रुपये की धोखाधड़ी की गई। फरियादी को ट्रेडिंग सिखाने के लिये एक टेलीग्राम ग्रुप मे एड किया गया जहां ट्रेडिंग के संबंध में ट्रेनिंग दी गई बाद में इंवेस्टमेंट के नाम पर 1,70,000 रुपये की धोखाधड़ी की गई।

#### ये सावधानियां बरते

(1) ओटीपी, सीवीवी, एटीएम पिन या बैंक विवरण किसी से साझा न करें।
(2) किसी भी अज्ञात लिंक/एपीके फाइल को डाउनलोड न करें।
(3) स्क्रीन शेयरिंग या रिमोट एक्सेस ऐप इंस्टॉल न करें।
(4) किसी भी प्रकार के निवेश से पूर्व संबंधित कंपनी/एप की वैधता जांचें।
(5) ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें।

#### इनका कहना है

साइबर अपराधों के विरुद्ध सख्त एवं त्वरित कार्यवाही की जा रही है। जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त शिकायतों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। समय पर सूचना देने से ठगी गई राशि को होल्ड कराने की संभावना बढ़ जाती है।

- **वीरेंद्र जैन**, एसपी.बैतूल

साइबर अपराधी लगातार नए नए तरीके अपना रहे हैं, अतः आमजन सतर्क रहें। किसी भी प्रकार के लालच, धमकी या दबाव में आकर अपनी गोपनीय जानकारी साझा न करें तथा संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

- **कमला जोशी**, एएसपी, बैतूल

## पांच हजार का इनामी आरोपी मुंबई से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पुलिस ने शादी का प्रलोभन देकर एक युवती से शारीरिक संबंध बनाने और बाद में उसे धमकाने के आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राहुल उईके के रूप में हुई है, जो बैतूल के थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम माथनी का निवासी है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने 13 जनवरी को शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि राहुल उईके ने विवाह का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इस शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली में धारा 69, 296(बी), 115(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से राहुल उईके फरार चल रहा था। पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी और उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। आखिरकार, 20 फरवरी को पुलिस ने उसे मुंबई के बांद्रा इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस गिरफ्तारी अभियान में निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उपनिरीक्षक चित्रा कुमरे, सहायक उपनिरीक्षक अरुण यादव, प्रधान आरक्षक दीपक कटियार, आरक्षक प्रदीप कहार और साइबर सेल के आरक्षक राजेन्द्र धाडसे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिला चिकित्सालय में रक्तदान समितियों का सम्मान समारोह आयोजित, दिए स्मृति चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला चिकित्सालय बैतूल में शनिवार को रक्तदान समितियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में केंद्रीय जनजातीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने रक्तदान समितियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेनटो प्रदान कर सम्मानित किया।




सम्मान समारोह में आमला विधायक योगेश पंडाग्रे, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य व भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर, विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य डॉ.अशोक बारंगा, अपर कलेक्टर वंदना जाट, राज्य स्तर से डिप्टी डायरेक्टर डॉ.रूबी खान एसबीटीसी भोपाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जगदीश घोरे, सेवा निवृत पैथोलॉजिस्ट डॉ डब्ल्यू ए नागले, ब्लड बैंक अधिकारी डॉ अंकिता सिते, डीसीएम कमलेश मसीह एवं योगेश दवंडे मौजूद थे।

### महिला इकाई का सात दिवसीय कार्यक्रम हुए प्रारंभ

# समाज के प्रति दायित्व बोध शिविर का उद्देश्य



**बैतूल।** वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन त्रिवेणी गौशाला, झगडिया में किया जा रहा है। इस शिविर के शुभारंभ अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.विद्या चौधरी, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ.साधना डहेरिया और प्रो.विनोद अड़लक विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा रासेयो के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेविकाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। इस शिविर में महाविद्यालय की कुल 50 स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सेवा भावना को बढ़ावा देना है। शिविर के दौरान स्वयंसेविकाओं द्वारा श्रमदान, स्वच्छता अभियान, जागरूकता कार्यक्रम एवं सामाजिक उपयोगिता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इस शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ.मेघा मालवी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिविर में दलनायक गरिमा दोड? एवं उपदलनायक रश्मि इवने की सराहनीय भूमिका रही। साथ ही स्वयंसेविकाएं अनामिका अकोदिया एवं शालिनी पंद्राम ने भी शिविर की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। सहायक कार्यक्रम अधिकारी के सहयोग से शिविर की सभी गतिविधियां और व्यवस्थाएं सुचारू रूप से शुरू की गईं। अंत में डॉ.मेघा मालवी द्वारा सभी अतिथियों और उपस्थित ग्रामीण जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। 26 फरवरी तक चलने वाले इस शिविर में स्वयंसेविकाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के साथ-साथ ग्रामीण समाज के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सफलता पूर्वक संपन्न

# अंतिम सूची में 12 लाख 13 हजार 167 मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई है। जारी सूची के अनुसार जिले में कुल 12 लाख 13 हजार 167 मतदाता दर्ज किए गए हैं, जिनमें 6 लाख 17 हजार 769 पुरुष, 5 लाख 95 हजार 389 महिला तथा 9 अन्य मतदाता शामिल हैं।

मतदाता सूची का ईपी रेशियो 66.90 तथा जेंडर रेशियो 963.77 दर्ज किया गया है। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया, जिसमें सभी राजनीतिक दलों के सहयोग के साथ बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। निर्बाध रूप से जिले में एसआईआर का कार्य किया गया हैं। उन्होंने जिले के मतदाताओं के प्रति भी आभार व्यक्त किया। बैठक में बताया गया कि 23 दिसंबर 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में जिले में कुल 11 लाख 95 हजार 558 मतदाता थे। जिसमें 6,995 नो-मैपिंग तथा 1,65,031 लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी सहित कुल 1,72,025 प्रकरण चिन्हित किए गए, जिनकी सुनवाई पूर्ण की गई। इनमें 1,71,813 मतदाता पात्र तथा 213 मतदाता अपात्र पाए गए। प्राप्त फॉर्म 6 के माध्यम से 21,917 नए मतदाता जोड़े गए, जबकि फॉर्म 8 के तहत संशोधन उपरांत 11,250 मतदाताओं का समावेशन किया गया। वहीं फॉर्म 7 के आवेदनों के निराकरण के बाद मृत, स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टि वाले 4,308 मतदाता हटाए गए। इस प्रकार कुल 17609 मतदाता जोड़े गए है।

अंतिम मतदाता सूची में जिले में कुल 12 लाख 13 हजार 167 मतदाता दर्ज हुए हैं। विधानसभा-वार मतदाता संख्या में मुलताई में 2,28,847, आमला में 2,04,902, बैतूल में 2,51,613, घोड़ाडोंगरी में 2,63,234 तथा भैंसदेही में 2,64,571 मतदाता शामिल हैं। बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की हार्ड कॉपी एवं सीडी वितरित की गई तथा इसके पश्चात विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। राजनीतिक दलों की बैठक में भारतीय जनता पार्टी से कैलाश धोटे, पवन यादव, इंडियन नेशनल कांग्रेस देवेंद्र वाघ, आम आदमी पार्टी से शंकर पेंद्राम, बहुजन समाज पार्टी से जीआर पटेल, जादोराव सूर्यवंशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद आदि अधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नागरिक संघर्ष समिति की बैठक आज

**सोहागपुर।** नागरिक संघर्ष समिति सोहागपुर की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को की जाएगी। समिति संयोजक शिवकुमार पटेल ने बताया कि शाम पांच बजे मुख्य बाजार स्थित काली मंदिर परिसर में नागरिक संघर्ष समिति की बैठक होगी। हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर पूजन किया जायेगा। पटेल ने बताया कि इसके अलावा नगर विकास, ट्रेन स्टापेज व रेलवे की अन्य समस्याओं को लेकर आगे की योजना पर चर्चा की जाएगी।

### जपं की बैठक में अधिकतर अधिकारी नदारद रहे

**पिपरिया।** जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक सभा कक्ष में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगारे ने की। बैठक में कुछ जनपद सदस्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया उपस्थित रहे, लेकिन वन, ऊर्जा, नहर, नलकूप और राजस्व विभाग सहित कई अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिससे मुश्किल से कोरम पूरा हुआ। नल-जल योजना, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में फेंसिंग, शिक्षा नीति और कर्मचारियों के प्रमोशन जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई, पर ठोस निर्णय नहीं हो सका। वर्ष 2023-24 के शेष 50 लाख रुपये के वितरण पर भी सहमति नहीं बन पाई, जिससे बैठक निष्प्रभावी रही।

थाना पहुंचकर थाना प्रभारी से मिले परिजन, पुलिस कार्रवाई पर जताया असंतोष

# अल्ताफ अपहरण व मारपीट प्रकरण, परिजनों ने की आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

विवेचक की कार्रवाई पर शनिवार को सवाल उठाने पीड़ित अल्ताफ के परिजनों सहित अन्य लोग थाने पहुंचे। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

चर्चित अल्ताफ शाह अपहरण एवं बर्बर मारपीट प्रकरण को लेकर पीड़ित पक्ष के परिजन एवं समर्थक थाना सिवनी मालवा पहुंचकर थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर से मिले। इस दौरान उन्होंने पुलिस के रवैये पर असंतोष व्यक्त करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं निष्पक्ष जांच की मांग की। परिजनों का कहना है कि घटना गंभीर प्रकृति की है, जिसमें युवक का कथित रूप से अपहरण कर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई तथा उसके हाथ-पैर और पीठ पर गंभीर चोटें पहुंचाई गईं। इसके बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी से पीड़ित परिवार में आक्रोश व्याप्त है।




### विवेचक की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

पीड़ित पक्ष ने मामले के विवेचक नागेश वर्मा की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि बयान दर्ज करते समय धार्मिक शपथ दिलाकर बयान लेने का दबाव बनाया जा रहा है, जो कि जांच की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। परिजनों ने विवेचक अधिकारी को बदलने की मांग भी रखी। थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने पूरे मामले को गंभीरता से सुनते हुए निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विवेचना की प्रक्रिया की समीक्षा की जाएगी तथा आवश्यक होने पर जांच अधिकारी में परिवर्तन पर भी विचार किया जाएगा।

### पांच आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

थाना सिवनी मालवा पुलिस ने आरोपी सप्पा कुरैशी, सिद्दिक कुरैशी, मुनीष कुरैशी, जीशान कुरैशी एवं मुस्ताक कुरैशी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 104/26 पंजीबद्ध किया है। प्रकरण धारा 140(4), 296(बी), 115(2), 351(3) एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीड़ित पक्ष ने स्पष्ट किया है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक न्याय की मांग को लेकर उनका संघर्ष जारी रहेगा।

### बनापुर नाका के पास हुई थी घटना

पुलिस के अनुसार घटना 17 फरवरी 2026 को दोपहर लगभग 12:30 बजे की है। फरियादी मीनू शाह पति इरस्ताक शाह, निवासी वार्ड क्रमांक 13 खेड़ाती चौक, गाड़ी मोहल्ला सिवनी मालवा की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया कि फरियादी का भांजा अल्ताफ शाह अपने मित्र शेख हारुन के साथ बनापुर नाका स्थित अजय कंपनी की दुकान के पास बैठा था। इसी दौरान पुराने विवाद को लेकर कुछ लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए विवाद करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने अल्ताफ शाह को जबरन एक पिकअप वाहन में बैठाकर कुछ दूरी तक ले जाकर उसके साथ हाथ, पैर एवं पीठ पर बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और रक्तस्राव हुआ। बाद में आरोपियों द्वारा उसे चतरखेड़ा रोड पर छोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर परिजन उसे उपचार हेतु शासकीय अस्पताल सिवनी मालवा लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार किया गया।

# आगामी त्योहारों को लेकर हुई नगर शांति समिति की बैठक




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

■ डीजे व ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियमानुसार उपयोग के दिये निर्देश

स्थानीय नए थाने में शनिवार को आगामी त्योहारों की तैयारी को लेकर नगर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में त्योहारों के विवरण, सुरक्षा व्यवस्था एवं क्षेत्र में शांति एवं समन्वय बनाए रखने की अपील अधिकारियों ने की है। जानकारी अनुसार आगामी समय में होली, रंगपंचमी, रमजान, ईद व अन्य त्योहारों में जन अपेक्षा के अनुसार तैयारी करने व निर्णय लेने को लेकर बैठक की गई। बैठक में नागरिकों ने अपील की है कि जहां होलिका दहन के स्थल होते हैं, वहां यदि बिजली के तार हों तो सुरक्षा की उचित व्यवस्था की जाए। प्रशासन ने भी नागरिकों से अपेक्षा की है कि होली पर अनावश्यक हुड़दंग ना हो तथा नशा करने पर रोक लगे। ताकि दुर्घटनाओं की स्थिति ना बने। नवरात्रि त्योहार को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। ईद पर्व पर सामूहिक नमाज़ स्थलों पर तैयारियों पर भी चर्चा की गई। डीजे तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियमानुसार उपयोग की अपेक्षा व अपील प्रशासन ने की है। बैठक में तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े, नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, एसडीओपी संजू चौहान, बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर, थाना प्रभारी ऊषा मरावी, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, पार्षदगण जमील खान, गौरव पालीवाल, रविशंकर उईके एवं आशीष विश्वकर्मा, अधिवक्ता शिवकुमार पटेल, पूर्व पार्षद राकेश चौरसिया व जगदीश अहिरवार, फिरोज खान शोभापुर, ताज मोहम्मद खान शोभापुर, समीर खिलजी शोभापुर, रशीद हाजी, आरिफ मामू, वसीम खान, रमजान ठेकेदार, अबरार खान, जाविद खान, नगर परिषद से संजय परसाई व अमित परसाई, ऋषभ गढ़वाल, डीलेश चौरसिया एवं शांति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### रात को बारातों से बन रही स्टेट हाईवे पर जाम की स्थिति




**सोहागपुर।** इन दिनों विवाहों का सीजन है। रोजाना ही स्टेट हाईवे किनारे स्थित मैरिज गार्डन तक आती जाती बारातों की भव्यता को सड़कों पर देखा जा सकता है। लेकिन इस भव्यता के चलते स्टेट हाईवे पर जाम की स्थिति बनती है। तस्वीर में सोहागपुर शहर में एक मैरिज गार्डन के सामने का नजारा है। जिसमें गार्डन के सामने अवैध पार्किंग व बारात आगमन दौरान लगा जाम नजर आ रहा है। प्रशासन की कार्रवाई शून्य है।

# नई शिक्षा नीति के तहत राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में नई शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुरूप एम.ए. राजनीति विज्ञान प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय विभागीय सेमिनार का गरिमामय आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष कमल सिंह अहिरवार एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. नवनीत कुमार सोनारे एवं गौरव बिलथरिया के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध प्रवृत्ति और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एके यादव ने की, जिन्होंने अपने उद्बोधन में सेमिनार की महत्ता एवं व्यक्तित्व पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव की चर्चा की। डॉ.योगेश खंडेलवाल सहायक प्राध्यापक पीएम एक्सीलेंस महाविद्यालय हाइब्रिड मोड माध्यम से



सम्मिलित हुए और विद्यार्थियों को शोध पत्र लेखन की बारीकियों एवं अध्ययन के विषय में जानकारी प्रदान की। विजय मंडराह सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय सौसर ने सेमिनार के दौरान बताया कि राजनीति विज्ञान में जटिल राजनीतिक अवधारणाओं, सिद्धांतों और डेटा को दृश्य-श्रव्य माध्यम से सरल, व्यवस्थित और आकर्षक बनाकर प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण उपकरण है। यह व्याख्यान, सेमिनार और नीतिगत विश्लेषण में मुख्य बिंदुओं को रेखांकित करने, छात्रों के जुड़ाव को बढ़ाने और जटिल सांख्यिकीय डेटा को ग्राफ़ या चार्ट के रूप में स्पष्ट करने में मदद करता है।

# राजनीतिक 'औकात' का मुद्दा, कांग्रेसियों ने एक साथ फूंके प्रदेश के तीन मंत्रियों के पुतले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा विधानसभा सदन में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर की गई टिप्पणी से मध्य प्रदेश में 'राजनीतिक औकात' का मुद्दा छा गया है। कांग्रेस द्वारा मंत्रियों के खिलाफ प्रदर्शन किये जा रहे हैं। इसी क्रम में गत दिवस सोहागपुर में कांग्रेसियों ने मप्र सरकार के तीन मंत्रियों के पुतले आग के हवाले किये हैं।

कांग्रेसियों के अनुसार मप्र सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार पर की गई आपत्तिजनक




टिप्पणी के विरोध में मंत्री विजयवर्गीय का, प्रदेश में चरमरा रही स्वास्थ्य व्यवस्था के विरोध में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का एवं कर्नल सोफिया कुरैशी मामले में न्यायालय के आदेश की अवहेलना के चलते मंत्री विजय शाह का विरोध किया गया है। तीनों मंत्रियों के पुतले शुक्रवार दोपहर शहर के बीच बाजार में स्टेट हाईवे पर रखकर फूंके गए हैं। इस दौरान क्षेत्रीय कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। कांग्रेसियों ने इस दौरान जमकर मध्य प्रदेश सरकार एवं उनके बड़बोले मंत्रियों के खिलाफ नारेबाजी की।

# तिलक सिंदूर मेले में पार्किंग की आय से आदिवासी सेवा समिति ने की गरीब परिवारों की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मानवता और सेवा की एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए आदिवासी सेवा समिति तिलक सिंदूर के कार्यकर्ताओं ने समाज सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। समिति ने न केवल प्रसिद्ध तिलक सिंदूर मेले में पार्किंग व्यवस्था को सुचारू रूप से संभाला, बल्कि उससे प्राप्त आय का एक हिस्सा बेघर हुए गरीब परिवारों की सहायता के लिए दान कर दिया।

### 8 वर्षों से निरंतर सेवा का संकल्प

समिति के 150 सदस्यों की टीम पिछले 8 वर्षों से तिलक सिंदूर मेले में अपनी सेवाएं दे रही है। इस वर्ष भी लाखों श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था में समिति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पार्किंग स्टैंड का ठेका लेने के बाद, समिति ने निर्णय लिया कि इस कार्य से प्राप्त



राशि का उपयोग पीड़ित मानवता की सेवा में किया जाएगा।

### पीड़ित परिवारों को मिला सहारा

विदित हो कि कुछ समय पूर्व ग्राम टांगना में न्यायालय के आदेश पर कुछ गरीब आदिवासी परिवारों के मकान तोड़े गए थे। ये परिवार आज भी खुली छत के नीचे रहने को मजबूर हैं। इन परिवारों की मदद के लिए आदिवासी सेवा समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आगे आकर आटा, चावल, तेल और किराना सामग्री भेंट की।

### समिति के प्रमुख सहयोगियों की उपस्थिति

सामग्री वितरण के इस पुनीत कार्य में समिति के वरिष्ठ सलाहकार जगदीश प्रसाद ककोड़िया, उपाध्यक्ष मन्ना दादा, रामदयाल नागले, भूमका दादा, विजय सल्लाम, बद्री प्रसाद धुर्वे, सेक्टर अध्यक्ष हरिओम उइके और राजकुमार उइके सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे। क्षेत्र के समाजसेवियों और स्थानीय नागरिकों ने समिति की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है।

# बागरा तवा में मंत्री का पुतला दहन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री मंडल सदस्य कैलाश विजयवर्गीय की कथित बदजुबानी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माखन नगर द्वारा बागरा तवा में प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत यादव मोनू पटेल के नेतृत्व में प्रदर्शन कर मंत्री के विरुद्ध नारे लगाए गए। कार्यकर्ताओं ने मंत्री के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया और पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।

कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष पुष्पराज पटेल, विजय डेटवाल, राधेश्याम यादव, नरेंद्र मालवीय, राकेश दुबे, भूरा पटेल, सुमित जायसवाल,



अरूण तिवारी, सत्यम मालवीय, नीरज चौधरी, नरेंद्र चौधरी एवं विजय सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि जनप्रतिनिधियों को सार्वजनिक जीवन में मर्यादित और संयमित भाषा का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसी भाषा का प्रयोग दोहराया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

**शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा महंगा: नर्मदापुरम।** शराब पीकर ट्रेक्टर चलाने वाले राजकुमार निवासी सांगाखेड़ा कला के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। न्यायालय द्वारा ट्रैक्टर चालक को अर्थदंड से दंडित किया गया।

### युवा कांग्रेस ने पंचायत चलो अभियान चलाया

**पिपरिया।** युवा कांग्रेस के द्वारा बैठक आयोजित कर पंचायत चलो अभियान चलाया जाएगा इस विषय पर चर्चा हुई। पंचायत कार्यक्रम में चलों पंचायत कार्यक्रम की रणनीति संगठन विस्तार एवं जमीनी स्तर पर जनसमस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित अन्य सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरीश बेमन ने कांग्रेस कमेटी की आगामी कार्यक्रम आयोजित करने के बारे में जानकारी दी।

# ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर आज कांग्रेस की पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

इंडियन नेशनल कांग्रेस के बैनर तले बागरातवा रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव, रेक प्वाइंट स्थापना एवं आधारभूत सुविधाओं की मांग को लेकर रविवार सुबह 11 बजे पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा पं. माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा स्थल, माखननगर से प्रारंभ होकर बागरा मंडल स्टेशन पहुंचेगी, जहां पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर मंडल के नाम स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत यादव 'मोनू' के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ




नेता उषा नायडू, ओम पटेल, संजय शर्मा, शिवाकांत पांडे, राजकुमार केलु उपाध्याय, पुष्पराज पटेल, विजय बाबू चौधरी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और नागरिक शामिल होंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कोरोना काल से पूर्व जिन ट्रेनों का ठहराव था, उन्हें पुनः शुरू किया जाए। साथ ही प्लेटफॉर्म विस्तार, प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय, प्रकाश एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग भी उठाई जाएगी।

### त्योहार शांति सौहार्द उत्साह से मनाए

**माखननगर।** आगामी दिनों में त्योहार होली रंगपंचमी रमजान माह का त्यौहार है सभी त्योहार नागरिक शांति सौहार्द्रपूर्ण और उत्साह से मनाए। थाना प्रभारी ने डीजे संचालकों के साथ से बैठक कर निर्देश दिए छात्र-छात्राओं की परीक्षा का समय है बगैर अनुमति के तेज आवाज में डी जे नहीं बजाए। नागरिकों ने सुझाव दिए नगर में रेत की ट्रैक्टर ट्राली तेज गति से तेज आवाज में अश्लील गीत बजाते हुए दिन भर निकलती है उसे पर रोक लगाई जाए सड़क किनारे के अतिक्रमण हटाए जाएं त्योहारों पर विद्युत एवं पेयजल की व्यवस्था सुचारू हो शराब पीकर उत्पाद मचाने वालों पर नजर रखी जाए उन पर कार्रवाई की जाए। बैठक में जनप्रतिनिधि गण नायब तहसीलदार अंकित मौर्य टी आई अनूप उइके नगर परिषद उप यंत्री प्रमोद धुर्वे विद्युत विभाग स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

शांति समिति की बैठक में निर्णय, रात 11:30 बजे बाजार बंद होगा

# डीजे बजा तो होगी सीधे जब्ती की कार्रवाई होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेस्ट हाउस परिसर में शनिवार को आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम नीलेश शर्मा और एसडीओपी वीरेन्द्र मिश्रा ने स्पष्ट किया कि रमजान और होली के दौरान शहर की गंगा-जमुनी तहजीब को बरकरार रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। प्रशासन ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि परीक्षाओं के इस दौर में हुड़दंग और शोर-शराबे को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में नपा अध्यक्ष पंकज चौरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती और चेतावनी



बैठक में सबसे कड़ा रुख डीजे संचालकों के प्रति दिखा। एसडीएम नीलेश शर्मा ने स्पष्ट कहा कि बच्चों की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी मैरिज गार्डन या सार्वजनिक स्थल पर रात 10 बजे के बाद यदि साउंड बजता पाया गया, तो पुलिस तत्काल उसे जब्त करेगी। इस दंडात्मक कार्रवाई के लिए पूरी तरह से डीजे संचालक को जिम्मेदार माना जाएगा। अधिकारियों ने संचालकों को मानवता का परिचय देने और प्रशासन को कड़े निर्णय लेने के लिए मजबूर न करने की हिदायत दी है।

### सांप्रदायिक सौहार्द और अफवाहों पर नियंत्रण

प्रशासन ने अपील की है कि रमजान और होली का संगम आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाए। रंग खेलते समय यह सुनिश्चित करें कि किसी दूसरे मजहब के व्यक्ति पर जबरन रंग न डले। यदि अनजाने में कोई छींटा उड़ता है, तो विवाद के बजाय आपसी समझदारी से मिसाल पेश करें। शहर की तस्वीर को सांप्रदायिक रंगों से दूर रखने के लिए सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या भड़काऊ पोस्ट साझा करने वालों पर पुलिस की साइबर टीम पैनी नजर रखेगी।

### बाजार की समय-सीमा और महत्वपूर्ण निर्णय

रक्षा की दृष्टि से एसडीओपी वीरेन्द्र मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि शहर के मुख्य बाजार और मोहल्लों की सभी दुकानें रात 11:30 बजे तक अनिवार्य रूप से बंद करनी होंगी। त्योहार के नाम पर देर रात तक सड़कों पर घूमने वालों पर गश्त के दौरान कार्रवाई की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे ने जानकारी दी कि 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होने से मुख्य रंगोत्सव 4 मार्च को मनेगा। साथ ही, वन विभाग से होलिका दहन हेतु 900 रुपए प्रति क्विंटल की रियायती दर पर लकड़ी उपलब्ध कराने पर सहमति बनी है। बैठक में तहसीलदार सुनीता साहनी, नपा अध्यक्ष पंकज चौरे, एसडीओपी वीरेन्द्र मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे, वन एवं विद्युत विभाग के अधिकारी तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### उद्घोषणा

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे समक्ष आवेदक श्री पुलकित जैन आत्मज श्री गोपाल जैन, श्री राविन जैन आत्मज श्री गोपाल जैन निवासी प्रियदर्शनीय नगर न्यास कालोनी इटारसी स्वयं वित्तीय योजना अंतर्गत भवन प्रियदर्शनीय नगर इटारसी के आवेदन अनुसार भवन एल.आई.जी. एस.एफ. 02 इटारसी की लीज डीड नवीनीकरण कराना है के संबंध में आवेदक के हित में करने में कोई आपत्ति या दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर कार्यालयीन समय पर प्रस्तुत कर सकते हैं। भवन का टेक्स वर्ष 2025-26 तक जमा है व कोई भी राशि बकाया नहीं है। निर्धारित अवधि उपरान्त आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जावेगा। उदघोषणा स्वयं के हस्ताक्षर तथा कार्यालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद इटारसी**

### इश्तहार

रा.प्र.क्र. 0015 अ-6 वर्ष 2025-26

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक विवेक मित्तल (अग्रवाल) आ. रमेशचन्द्र अग्रवाल निवासी वार्ड नं 32, तीसरी लाइन इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110 म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं. 14 प्लाट नं 39/4 रकबा 720 व.फु. भूमि आवेदक सहित उमा देवी पत्नि रमेशचन्द्र अग्रवाल के नाम शामिल शरीक रूप से एवं नजूल शीट नं. 18 प्लाट नं. 20 रकबा 1331 व.पु. भूमि उमा देवी के नाम नजूल अभिलेख में दर्ज है। दर्ज व्यक्तियों में से श्रीमति उमा देवी अग्रवाल का निधन दिनांक 25/01/2024 को चुका है। उमादेवी अग्रवाल ने शीट नं. 14 प्लाट नं. 39/4 में से अपने हिस्से की भूमि रकबा 360 वफु. एवं शीट नं. 18 प्लाट नं. 20 रकबा 1331 व.फु. संपूर्ण रकबे का वसीयतनामा दिनांक 10/10/2023 को आवेदक के पक्ष में विधि अनुसार निष्पादित किया है, वसीयतकर्ता का निधन हो जाने से वसीयत प्रभावशील है। आवेदक मृतक का नाम नजूल अभिलेख से खारिज कराकर स्वयं का नाम वसीयत के आधार पर नजूल अभिलेख में दर्ज कराना चाहते है। अतः आवेदक द्वारा उक्त वर्णित संपति पर वसीयतनामें के आधार पर नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है।आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 23/02/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा। नोटः- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी, इटारसी**


## J. L. N. COLLEGE SOHAGPUR

DIST.-NARMDAPURAM(MP)

APPRPVED TO AICTE DELHI, AND DTE GOVT.OF MP.AFFILIATED TO BARKATULLAH UNIVERSITY BHOPAL
SHASTRI WARD STATION ROAD SOHAGPUR, DIST- NARMDAPURAM(M.P.)MOBLIE NO- 8878154579

FACULTY REQUIRED UNDER COLLEGE CODE-28

REQUIREMENT

| S.NO. | COURSE | Qualification | NO. OF POST |
|---|---|---|---|
| 01 | MBA(Teacher) | Required Under College Code- 28 | 04 |
| 02 | Librarian/ Asst. Librarian | M.Lib with first Class | 01 |
| 03 | Sport Officer | M.PEd | 01 |
| 04 | Office Assistant Computer Opr. | Msc. Computer science/PGDCA/BCA (Any Graduate having Basic Computer / Knowledge) | 01 |
| 05 | Peon | $12^{th}/10^{th}$ | 01 |

Please send recent Resume & along with passport Size Photograph & Testimonials to the following address latest by 10 days

Chairman /Secretary
Sohagpur Shiksha samiti Sohagpur

## खबर संक्षेप

### आज शहर में बिजली बंद रहेगी

**हरदा।** शहर में रविवार, 22 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सात घंटे बिजली गुल रहेगी। यह कटौती 33/11 केवी हरदा शहर उपकेंद्र में नई बस बार और कंडक्टर स्ट्रिंगिंग कार्य के कारण की जाएगी। बिजली कंपनी के जूनियर इंजीनियर राकेश सिलोरे ने बताया कि 11 केवी गुप्तेश्वर मंदिर, इंदौर रोड, खेड़ीपुरा, रेलवे और कोर्ट फीडर से संबंधित कॉलोनियों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इनमें सिंधी कॉलोनी, विपतप कॉलोनी, राजधानी कॉलोनी, ड्रीमलैंड कॉलोनी, ब्रजधाम कॉलोनी, रौनक बिहार, घंटाघर क्षेत्र, अभिषेक ग्रीन वैली, सिविल लाइन, खंडवा बायपास, भवानी कुंज, अवस्थी कंपाउंड, फाइल वार्ड और कुलहरदा जैसे क्षेत्र शामिल हैं। विद्युत वितरण कंपनी ने स्पष्ट किया है कि कार्य की आवश्यकता और परिस्थितियों के अनुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहने की अवधि को घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

### किसानों का 16 मार्च तक पंजीयन होगा

**हरदा।** मध्य प्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार, रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) के लिए चना और मसूर फसलों के पंजीयन ई-उपार्जन पोर्टल पर शुरू हो गए हैं। किसान 20 फरवरी से 16 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने जानकारी दी कि जिले में चना और मसूर फसलों के पंजीयन उन्हीं केंद्रों पर किए जाएंगे, जो खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए स्थापित किए गए थे। उन्होंने किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि वे चना और मसूर फसल के उपार्जन के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 16 मार्च तक अपना पंजीयन अवश्य करवा लें।

### अवैध मदिरा के विरुद्ध 5 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के शुक्रवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने वृत हरदा के फाइल वार्ड, सकुर कॉलोनी, बंगाली कॉलोनी व पीलियाखाल में दबिश दी। दबिश के दौरान 15 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 340 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 5 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 37 हजार रूपये है।

### कलेक्टर-एसपी ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया

**सीहोर।** सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में आयोजित रूद्राक्ष महोत्सव के अंतिम दिवस पर श्रद्धालुओं की वापसी को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं सुगम वापसी के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महोत्सव के समापन पर श्रद्धालुओं की वापसी को देखते हुए कलेक्टर-एसपी ने सीहोर रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रियों की सुरक्षित और व्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित की जाए तथा यातायात सुगम बनाए रखा जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** जिले में बढ़ती ठंड और संभावित शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। इसके साथ ही जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को शीतलहर से प्रभावित व्यक्तियों को त्वरित सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया ने बताया कि मानव शरीर का तापमान लगभग 37 डिग्री सेल्सियस रहता है, पर जब यह 35 डिग्री सेल्सियस से कम हो।

#### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, राजनैतिक दलों व मीडिया को जानकारी दी

# जिले में कुल 422681 मतदाता पंजीकृत डिजिटाइजेशन के बाद 20708 विलोपित

**3408 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए, इनमें 1511 पुरुष तथा 1897 महिला शामिल हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद शनिवार को 1 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन जिले के सभी मतदान केन्द्रों तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण व सहायक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय स्तर पर किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर सतीश राय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों व मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सतीश राय, कांग्रेस से मोहन सांई, संजय जैन, भारतीय जनता पार्टी से राजेश गोदारा व बहुजन समाज पार्टी से प्रहलाद पटेल मौजूद थे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राय ने अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली की हार्डकॉपी व सीडी में सॉफ्टकॉपी सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपी।

**नवीन मतदाता भी आवेदन फार्म दर्ज कर सकते हैं**




### फार्म-6 से नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे

उप जिला निर्वाचन अधिकारी राय ने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद यदि कोई मतदाता का नाम पंजीकरण से छूट गया है तो वह फार्म-6 के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में जुडवा सकेगा। यदि किसी मतदाता की मृत्यु होने एवं स्थाई रूप से बाहर चले जाने की स्थिति होने पर फार्म-7 एवं 8 के माध्यम से कार्यवाही कर सकेगा। उन्होने बताया कि 1 अप्रैल की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण होने वाले नवीन मतदाता भी अपना आवेदन फार्म दर्ज कर आनलाईन या आफलाईन माध्यम से दर्ज कर सकते हैं। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री राय ने मीडिया प्रतिनिधियों को जनगणना 2027 की प्रक्रिया की भी जानकारी दी।

### अंतिम प्रकाशन से संबंधित जानकारी दी

संयुक्त कलेक्टर राय ने बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व मीडिया प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से संबंधित जानकारी दी। संयुक्त कलेक्टर राय ने बताया कि जिले में कुल 422681 मतदाता पंजीकृत है। इनमें से 218658 पुरूष, 204016 महिला तथा 7 तृतीय लिंग मतदाता सम्मिलित है। उन्होने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 134 टिमरनी में 190432 मतदाता है, जिनमें से 98504 पुरूष तथा 91928 महिला मतदाता है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र हरदा में कुल 232249 मतदाता है, जिनमें से 120154 पुरूष, 112088 महिला तथा 7 तृतीय लिंग मतदाता सम्मिलित है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राय ने बताया कि जिले में मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के पूर्व 28 अक्टूबर 2025 की स्थिति में कुल 440929 मतदाता थे। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण एवं डिजिटाइजेशन के बाद 20708 मतदाताओं के नाम विलोपित हुए। जिले में द्वितीय चरण अंतर्गत की गई कार्यवाही में प्राप्त दावे आपत्तियों के निराकरण उपरान्त 3408 नये मतदाताओं के नाम जोड़े गये, इनमें 1511 पुरूष तथा 1897 महिला मतदाता शामिल है। इसी प्रकार फार्म 7 के माध्यम से कुल 948 मतदाताओं के नाम सुनवाई उपरान्त विलोपित किये गये हैं।

#### होप टी 1 डी पीयर सपोर्ट ग्रुप कैंप संपन्न

# टाइप 1 मधुमेह से पीड़ित लोगों को जानकारी दी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला अस्पताल हरदा में शनिवार को होप टी 1 डी नाम से एक पीयर सपोर्ट ग्रुप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में जिले भर से टाइप 1 मधुमेह से प्रभावित बच्चे, किशोर, वयस्क और उनके अभिभावक शामिल हुए। इस कैंप का उद्देश्य टाइप 1 मधुमेह से प्रभावित लोगों को एक मंच प्रदान करना था, जहाँ वे एक-दूसरे से बातचीत कर सकें, अपने अनुभव साझा कर सकें और इस बीमारी के प्रबंधन के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त कर सकें। इस सत्र का संचालन ज्योत्सना रंगीन ने किया, जो पिछले 10 वर्षों से टाइप 1 मधुमेह के साथ जीवन जी रही हैं। उन्होंने टाइप 1 मधुमेह की मूल जानकारी, नियमित रूप से इंसुलिन लेने का महत्व, ब्लड शुगर की नियमित जाँच और स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने के बारे में बताया। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत जीवन यात्रा भी साझा की और बताया कि कैसे उन्होंने चुनौतियों का सामना करते हुए आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ इस बीमारी को नियंत्रित करना सीखा। उनके अनुभव ने प्रतिभागियों और उनके अभिभावकों को प्रेरित किया तथा उनकी शंकाओं का समाधान करने में मदद की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. पी. सिंह भी इस सत्र में उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जिला हरदा टाइप 1 मधुमेह से प्रभावित लोगों को गुणवत्तापूर्ण उपचार और नियमित फॉलो-अप सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। होप टी 1 डी जैसे पीयर सपोर्ट कार्यक्रम जागरूकता बढ़ाने, उपचार के प्रति नियमितता बनाए रखने और बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।एनसीडी नोडल अधिकारी जिला अस्पताल हरदा डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर ने टाइप 1 मधुमेह के बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस बीमारी के प्रभावी प्रबंधन के लिए समय पर निदान, नियमित फॉलो-अप और निरंतर परामर्श बहुत आवश्यक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समुदाय में जागरूकता बढ़ाना और टाइप 1 मधुमेह से प्रभावित लोगों के लिए सहयोग प्रणाली को मजबूत करना कार्यक्रम की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश अहिरवार ने भी सत्र में भाग लिया और प्रतिभागियों एवं उनके अभिभावकों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि नियमित इंसुलिन उपचार, ब्लड शुगर की जाँच और उचित चिकित्सकीय मार्गदर्शन के साथ टाइप 1 मधुमेह से प्रभावित बच्चे और युवा स्वस्थ, सक्रिय और सामान्य जीवन जी सकते हैं। इस कैंप में सभी आयु वर्ग के टाइप 1 मधुमेह से प्रभावित लोग शामिल हुए, जिनमें छोटे बच्चे, किशोर और वयस्क शामिल थे। इस पहल से प्रतिभागियों का आत्मविश्वास बढ़ा, आपसी सहयोग को बढ़ावा मिला और बीमारी के दीर्घकालिक प्रबंधन के लिए सामुदायिक समर्थन को मजबूत करने में मदद मिली। जिला अस्पताल हरदा में टाइप 1 मधुमेह के लिए एक विशेष साप्ताहिक क्लिनिक भी संचालित किया जा रहा है, जो प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होता है। इस क्लिनिक में प्रशिक्षित डॉक्टर परामर्श, मार्गदर्शन और नियमित फॉलो-अप सेवाएँ प्रदान करते हैं। पंजीकृत लाभार्थियों को निःशुल्क इंसुलिन और आवश्यक मधुमेह से संबंधित सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है। टाइप 1 मधुमेह से प्रभावित व्यक्ति या उनके परिवारजन इस क्लिनिक में आकर इन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

#### शासकीय कर्मचारियों को निर्देश दिए

# कर्मचारियों का लेखा प्रशिक्षण सत्र 1 अप्रैल से 30 जून तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

लेखा प्रशिक्षण शाला भोपाल में नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र 1 अप्रेल से प्रारंभ होकर 30 जून तक संचालित होगा। प्रशिक्षण में सम्मलित होने के इच्छुक भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के अंतर्गत सभी जिलो के लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने आवेदन-पत्र तीन मूल प्रतियों में कार्यालय प्रमुख से अभिप्रमाणित कराकर लेखा प्रशिक्षण शाला में 16 मार्च जमा करें। प्राचार्य लेख प्रशिक्षण शाला ने बताया कि वित्त विभाग के अनुसार वही लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी पात्र होंगे, जिनकी परिवीक्षा अवधि पूर्ण हो चुकी है तथा जिन्होंने सीपीसीटी परीक्षा पास की हो या फिर नियमानुसार छूट प्राप्त हो। आवेदन-पत्र के साथ अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र की कापी देना होगी।

आवेदन-पत्र पर कर्मचारी को पासपोर्ट साइज फोटो लगाना होगा। अनुसूचित जाति और अनुसुचित जनजाति वर्ग के कर्मचारियों को जाति प्रमाण-पत्र भी कार्यालय प्रमुख से सत्यापित कर संलग्न करना होगा। वित्त विभाग के निर्देशानुसार स्थानीय निकाय और अर्धशासकीय संस्थाओं के लिपिक वर्गीय कर्मचारी जिनकी परिवीक्षा अवधि पूर्ण हो चुकी है, वे भी लेखा प्रशिक्षण के लिए पात्र होंगे। ऐसे कर्मचारियों को प्रशिक्षण शुल्क 5 हजार रूपये का चालान सत्र में प्रवेश के समय अनिवार्य रूप से जमा कराना होगा।

#### मानसिक स्वास्थ्य संवाद व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# मानसिक-तनाव व विकारों के समाधान व इलाज के संबंध में जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

समीपवर्ती वनग्राम चिरीया में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य संवाद एवं स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर में गुरूवार को किया गया था। शिविर में डॉ. रितेश गुर्जर (एमडी न्यूरो-साइकेट्री) ने अवसाद, चिंता विकार, तनाव प्रबंधन, नशा मुक्ति,पारिवारिक समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।



वहीं उन्होंने मानसिक-रोगों को लेकर उपस्थितजनों की जिज्ञासाओं का जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी वर्षा पाटीदार द्वारा टेली-मानस हेल्प लाइन नंबर और मनहित-एप के उपयोग को लेकर जानकारी दी गई। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मन-कक्ष खरगोन ने यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में वृद्धि और जरुरतमंदों को समय पर परामर्श एवं उपचार देना है। शिविर में ऐसे आयोजनों की निरन्तरता बनाए रखने का उपस्थितजनों को आश्वासन दिया।

# कोतवाली चौराहे पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने तीन मंत्रियों का पुतला जलाया

**सीहोर।** शुक्रवार को सीहोर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती की उपस्थिति में शहर अध्यक्ष घनश्याम यादव के नेतृत्व में शुक्रवार शहर के कोतवाली चौराहे पर प्रदेश सरकार के तीन कलंकित मंत्रियों का पुतला दहन कर उनके खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई और प्रदेश सरकार से इन तीनों मंत्रियों के इस्तीफे की मांग की गई ज्ञात रहे कैलाश विजयवर्गी जिनकी विधानसभा के भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई निर्दोष लोगों के जिम्मेदार हैं एवं उन्होंने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार जी पर अपमानजनक टिप्पणी की थी इसी तरह प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने भारतीय सेना की महिला अधिकारी के अधिकारी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी जबकि मध्य प्रदेश के कफ सिरप से हुई मौतों के



जिम्मेदार राजेंद्र प्रसाद शुक्ल के भी स्थिति की मांग की गई इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती जी ने उपस्थित पत्रकारों से कहा कि मध्य प्रदेश की सरकार और उसके मंत्री बेलगाम हो गए उन्हें जनता के सम्मान का ध्यान है ना मध्य प्रदेश में हो रही मृत्यु का ध्यान है उन्होंने नैतिकता खो दी है प्रदेश के मंत्री राजेंद्र शुक्ला जो सिरप कांड के दोषी है कैलाश विजयवर्गी जो रोज बदतमीजी कर रहे हैं उनकी भाषा अशोभनीय है कभी घंटा शब्द इस्तेमाल करते हैं जो नगरी प्रशासन मंत्री है और इंदौर के भागीरथपुरा कांड के दोषी है विजय शाह जिन्होंने बहन बेटियों का अपमान किया है कितनी लिस्ट बनाई कितने लोगों के बारे में बताएं करण सिंह वर्मा लाडली बहनों के अपमान करते हैं मंत्री विश्वास सारण के संरक्षण में गौ हत्याएं भोपाल में की जा रही है यह सब मध्य प्रदेश सरकार की नाक के नीचे हो रहा है इनका डकौसला है हिंदुत्व और गौ रक्षा यह लोग चंदा लेना जानते हैं और मध्य प्रदेश की सरकार पूरी तरह फेल हो गई है मोहन यादव सहित इन सबके इस्तीफे की मांग को लेकर आज कांग्रेस ने यह प्रदर्शन किया ।इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर , सीताराम भारती, सुनील दुबे, ओम बाबा राठौर, रमेश गुप्ता, रामायण प्रसाद शुक्ला, नरेंद्र खगराले, मुकेश ठाकुर, मुकेश गड़ोदिया,भगत सिंह तोमर ,कमलेश चांडक प्रेम नारायण परमार, अनुभव सेन नंदलाल यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# कांग्रेस ने तीन मंत्रियों के पुतले फूंके इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लाड़कुई द्वारा बुधवार को बुधनी विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मंत्रियों के पुतले दहन किए और उन्हें पद से हटाने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय दूषित जल से हुई मौतों के मामले में जवाबदेही से बच रहे हैं। साथ ही नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार पर की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर भी कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

इसी क्रम में मंत्री विजय शाह पर सेना और महिलाओं के संबंध में अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नाराजगी व्यक्त की। वहीं मंत्री राजेन्द्र शुक्ल को कफ सिरप से हुई मौतों के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनके इस्तीफे की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष चंदर मीणा ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही कमजोर होती जा रही है। जनता से जुड़े गंभीर मामलों में सरकार स्पष्ट रुख अपनाने में असफल रही है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जिम्मेदार मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

प्रदर्शन में चंदर मीना, संजय पटेल हवेली, राजकुमार पटेल, राजेश पटेल, रामनिवास ढांका, मुकेश शर्मा, राजाराम मीना, फूतर सिंह बारेला, शहजाद खान, राहत खान, कंचन दादा, सिब्बू शर्मा, रेवा शंकर साहू, पिंटू मीणा, राजेश बारेला, अंकित पवार, अनार सिंह सूर्यवंशी, रामोतार दादा सुआपानी सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खेल, अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना के लिए भी आवश्यक: जॉली कुरियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

स्थानीय दी आक्सफोर्ड हा.से. स्कूल सीहोर में 31वां वार्षिक खेल समारोह का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. अंकित चांडक, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी इछावर, विशिष्ट अतिथि रोटे. मधुर विजयवर्गीय, रोटरी क्लब अध्यक्ष, रोटे. श्वेता विजयवर्गीय, पूर्व छात्रा व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बुशरा खान गौरी तथा अन्य अतिथि स्वरूप माता-पिता व अध्यापक उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख एड. जॉली कुरियन और प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने अतिथियों का स्वागत किया।

इसी के साथ बैंड ग्रुप द्वारा अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं



द्वारा आकर्षक परेड कर अतिथियों को सलामी दी गई। फाउण्डेशनल स्टेज व अन्य कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक समूह नृत्य, एकल नृत्य, कविताओं की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अंकित चांडक ने प्रतिभागियों एवं विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के साथ-साथ विद्यालयीन खेलकूद भी आवश्यक होते हैं। इससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में विकास होता है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ किसी न किसी खेल में भाग लेना चाहिए। उन्होनें स्वयं की उपलब्धि के लिए ऑक्सफोर्ड विद्यालय का आभार माना। साथ ही रोटे. मधुर विजयवर्गीय ने स्कूल के प्रभारी व मेनेजमेंट को बधाई देते हुए कहा कि यह समारोह बहुत सुचारू रूप से भव्य स्तर पर आयोजित किया गया है। उन्होने खेल में भाग लेने वाले विद्यार्थियों तथा अनुशासन का पालन करने के लिए समस्त उपस्थितगणों की सराहना की। कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजेता टीम एवं एकल वर्ग में विभिन्न विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य तथा संभाग स्तर पर खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पालकगण के लिए भी खेल प्रतियोगिता आयोजित कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया तथा अतिथिगण के साथ ही खेल शिक्षक सुमित शर्मा को ऑक्सफोर्ड परिवार स्मृतिचिह्न भेंट किए गए। अंत में बीटिंग द रिट्रीट के द्वारा झण्डा उतारा गया व राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका साक्षी गोगिया व ज्योति शर्मा द्वारा तथा आभार प्रदर्शन मोनिका शालिनी तिवारी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के साथ पालकगण उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर सबको शुभकामनाएं दी।